प्रादेिाक समाचार
दिनांक–19.04.2024 (दोपहर–1455 बजे)

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज 17 राज्यों और 4 केन्द्र शासित प्रदेशों की एक सौ दो सीटों के लिए मतदान हो रहा है। दिन के एक बजे तक त्रिपुरा में 53 प्रतिशत से अधिक, पश्चिम बंगाल में लगभग 51 प्रतिशत, मेघालय में लगभग 49 प्रतिशत, मणिपुर में लगभग 47 प्रतिशत, मध्य में प्रदेश 44 प्रतिशत से अधिक पुदुचेरी में लगभग 45 प्रतिशत, नागालैंड में 44 प्रतिशत से अधिक, मिजोरम में लगभग 40 प्रतिशत से अधिक वोट डाले गए सुबह सात बजे आरंभ हुआ मतदान शाम छह बजे तक चलेगा, लेकिन उत्तरपूर्वी और पर्वतीय राज्यों में मतदान शाम 4 और 5 बजे तथा वामपंथी उग्रवाद ग्रस्त क्षेत्रों में दोपहर 3 बजे और शाम 4 बजे तक समाप्त होगा।

****

झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी **के. रवि कुमार** ने आज बूढा पहाड़ क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। इस क्रम में वे गढ़वा जिले के बड़गड़ प्रखंड में पड़नेवाले बूढा पहाड़ के पास के गाँव हेसातु पहुंचे। उन्होंने बूढा पहाड़ क्षेत्र में तैनात सुरक्षा अधिकारियों से चुनाव की तैयारियों और वहां की सुरक्षा स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से भी बात की और मतदान के लिए प्रेरित किया।

****

भारतीय रेल, गर्मियों के दौरान यात्रियों की बढती मांग और सुविधा के लिए रिकॉर्ड नौ हजार एक सौ 11 रेल के अतिरिक्तऔ फेरे संचालित कर रही है। यह पिछले साल गर्मियों की तुलना में काफी वृद्धि को दर्शाता है। पिछले साल ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाडियों ने कुल छह हजार तीन सौ 69 अतिरिक्त फेरे लगाए थे। रेल मंत्रालय ने कहा है कि देश भर के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के लिए अतिरिक्त रेलगाडियों के संचालन की योजना बनाई गई है। जिससे प्रमुख रेलमार्गों पर निर्बाध यात्रा सुनिश्चित हो सके। झारखंड समेत देश के कई राज्यों से ग्रीष्मकालीन यात्री भार की मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त यात्राओं को संचालित करने के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

****

रांची में बड़गाई अंचल की आठ एकड़ से अधिक जमीन घोटाला मामले में ईडी कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद की न्यायिक हिरासत की अवधि दो सप्ताह तक बढ़ा दी है। वहीं इसी घोटाला मामले में गिरफ्तार झामुमो नेता अंतू तिर्की, कारोबारी– विपिन सिंह, मोहम्मद इरशाद और प्रियरंजन सहाय को पीएलएल कोर्ट ने ईडी की पांच दिनों की रिमांड पर भेज दिया है। अब इन चारों से ईडी पांच दिनों तक पूछताछ करेगी।

****

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में कल से हॉकी रांची लीग शुरू हो रहा है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस लीग में कुल 20 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें 12 पुरूषों की टीम होगी जबकि महिलाओं की छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग का पहला चरण 26 अप्रैल तक होगा। इसके बाद दूसरा चरण 10 मई के बाद शुरू होगा।

****

रांची जिले के खलारी प्रखंड अंतर्गत स्थित मैकलुस्कीगंज को प्रकृति ने पर्यटन के हिसाब से दोनों हाथों से कई उपहार दिए हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

राची अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने आज 130 किलो गांजा की तस्करी के दोषी को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

****

साहिबगंज जिला निर्वाचन पदाधिकारी– सह– उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आज मतदान केंद्र और व्रज गृह की सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई । उपायुक्त ने बताया जिला में कई मतदान बूथ संवेदनशील एवं अति संवेदनशील हैं। जिनमें सुरक्षा की आवश्यकता है एवं इन सभी बूथों में पांच जवानों को प्रतिनियुक्त करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि जिला के सारे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों की सूची के आधार पर उन बूथों पर एवं उनके मार्गों पर आवश्यक सुरक्षा दी जाएगी ताकि मतदान कर्मियों एवं मतदान करने आए लोगों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

*****समाप्त*********